प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीएसपी) के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम

पन्तनगर। 01 मार्च 2024। विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार अनुंसधान के वैज्ञानिकों ने ग्राम जयपुर बिसा, जिला नैनीताल में खरपतवार नियंत्रण शोध परियोजना, सस्य विज्ञान विभाग, पंतनगर की तरफ से अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लगभग 110 किसान उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम भारत सरकार के खरतपवार अनुसंधान निदेशालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़े किसानों को विशेष प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाएं देने के लिए निर्धारित किया गया था। सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत जयपुर बिसा के प्रधान श्री दिनेश चंद्र आर्या तथा प्रकाश चन्द्र जोशी जी ने की। सभा का संचालन श्री विशाल विक्रम सिंह, एस.आर.एफ ने किया उन्होंने सभी अतिथियों एवं किसानों का स्वागत किया।

डा. एस. पी. सिंह, प्राध्यापक परियोजना एवं अधिकारी ने खरपतवार से होने वाली हानि एवं उसके प्रबंधन की विधियों के बारे में किसानों को अवगत कराया। परियोजनाधिकारी ने परियोजना से संबंधित इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं बताया कि परियोजना द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य किसानों तक खरपतवार प्रबंधन से संबंधित नई तकनीकियों को पहुंचना है जिससे किसानों को वांछित उत्पादन मिल सके। डा. सिंह ने खरीफ फसलों में खरपतवार नियंत्रण से संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा किसानों को सुझाव दिया गया की एक समूह के शाकनाशी को लगातार प्रयोग करने से खरपतवारों में प्रतिरोधकता आ जाती है, इसलिए समय–समय पर शाकनाशियों का परिवर्तन करना आवश्यक हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं का वैज्ञानिकों द्वारा समाधान किया गया साथ ही खरपतवारनाशी छिड़कने की विधि का प्रदर्शन भी किया गया।

प्रधान श्री दिनेश चंद्र आर्या ने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, किसानों के साथ जुड़कर उनके प्रक्षेत्र पर पहुँचकर जिस प्रकार से किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक संसाधनों को किसानों तक पहुँचा रहे है यह देश के किसानों की समृद्धि के लिए एक अद्भुत मिशाल है। परियोजना की तरफ से अनुसूचित जाति सब प्लान की तहत नैपसेक स्प्रेयर, बैटरी चालित स्प्रेयर, घुलनशील ऊर्वरक पैकेट (एनःपीःके) शाकनाशी, खरीफ फसलों में खरपतवार नियंत्रण तकनीकी बुलेटिन वितरित किए गए। परियोजानाधिकरी डा. एस.पी. सिंह के अतिरिक्त, प्रक्षेत्र सहायक श्री हंसराज यादव, एस.आर.एफ श्री विशाल विक्रम सिंह, सोमेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में किसानों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार